हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 मई 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 अधिसूचना तक सीमित कालोनियों को वैध करने...



07 एसडीएम की कार्रवाई, सड़कों पर खड़े वाहनों को...



## खबर संक्षेप

### स्वेच्छानुदान से मिली आर्थिक सहायता

**नर्मदापुरम।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मुख्यमंत्री सुरक्षा अनुदान योजना के अंतर्गत जिले में विगत दिनों हुई दुर्घटना के पीड़ित व्यक्तियों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में हाल ही में नर्मदापुरम–पिपरिया स्टेट हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित राहत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार मृतक एवं घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के तहत आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित किया गया।

### कलेक्टर ने जनगणना कार्य का किया दौरा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को जनगणना 2027 के तहत संचालित मकान सूचीकरण कार्य का फील्ड विजिट कर अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने नगरीय क्षेत्र मालाखेड़ी रोड पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी सावधानी और एकाग्रता के साथ संपादित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नागरिकों की जानकारी स्पष्ट एवं सही तरीके से एचएलओ एप पर दर्ज की जाए तथा आवश्यकतानुसार जानकारी को फीड करने से पूर्व क्रॉस चेक अवश्य किया जाए।

### कलेक्टर के व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर द्वारा सोमवार को कृषि उपज मंडी स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध स्कंध तथा खरीदे गए गेहूं की गुणवत्ता की गहन जांच की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार केवल एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता का गेहूं ही खरीदा जाए।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने और शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने जिले भर से आए नागरिकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।मंगलवार को आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतों की प्रकृति मुख्य रूप से चोरी और मारपीट के मामले, वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायते, महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों पर त्वरित न्याय की मांग आदि शामिल थे। सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आवेदनों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारियों को फोन पर ही निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान और पुलिस प्रशासन के प्रति उनका विश्वास बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## प्रकृति: विलुप्ती की कगार पर खड़े पक्षी का एसटीआर में कलरव देख खुश हुए पर्यटक

### तवा डेम में मढ़ई के समीप आऐ लुप्त प्राय पक्षी इंडियन स्किमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

विलुप्तप्राय प्रजाति के इंडियन स्किमर पक्षी इन दिनों सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जल स्त्रोतों के आसपास अच्छी संख्या में दिखाई दे रहे हैं। रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार पक्षियों की आमद को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत दर्ज किया गया है।

प्रभारी सहायक संचालक आशीष खोबरागड़े एवं मढ़ई रेंज आफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि कुल 10 इंडियन स्किमर पक्षी तवा डेम के जलक्षेत्र में बोट गश्ती के दौरान स्टाफ को दिखाई दिये हैं। जिसकी तस्वीर मढ़ई रेंजर उपाध्याय द्वारा ली गई। उपाध्याय ने बताया कि यह पक्षी अपनी विशिष्ट लंबी



निचली चोंच के लिए जाना जाता है। जिसके माध्यम से यह पानी की सतह को चीरते हुए मछलियों का शिकार करता है। इंडियन स्किमर भारत के अत्यंत संकटग्रस्त नदी-आधारित पक्षियों में शामिल है, जिसकी संख्या लगातार घट रही है।

### अच्छा संकेत

पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार पक्षी इंडियन स्किमर की प्रजाति केवल स्वच्छ जल, प्रचुर मछली संसाधन और निर्बाध रेतीले तटों वाले क्षेत्रों में ही पाई जाती है। ऐसे में तवा डेम के आसपास के क्षेत्र में इस पक्षी की उपस्थिति क्षेत्रीय पारिस्थितिक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है।

वन विभाग के लिए यह एक सकारात्मक संकेत है, जो दर्शाता है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व न केवल बाघों के संरक्षण में अग्रणी है, बल्कि अन्य संवेदनशील प्रजातियों के लिए भी सुरक्षित आवास प्रदान कर रहा है।

### खुशियों पर लगा ग्रहण घर के लोग गए थे गार्डन, सूने मकान में लगी आग


## जिस घर से निकलनी थी बारात, वहां से उठ रहा बर्बादी का धुआं, सब खाक

सोमवार को इटारसी शहर से लगे जुझारपुर ग्राम में एक कच्चे मकान में आग लगी जिससे पूरा मकान जलकर खाक हो गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

एक पिता अपनी पूरी उम्र की जमा-पूंजी और खून-पसीने की कमाई सिर्फ इसलिए सहेजता है कि एक दिन अपने बेटे के सिर पर सेहरा सजा सके। लेकिन जुझारपुर के जगदीश चिमानिया के नसीब में नियति ने कुछ और ही लिख रखा था।

सोमवार रात लगी भीषण आग ने न केवल एक कच्चा मकान जलाया, बल्कि एक पिता के बरसों के संघर्ष और बेटे की शादी की खुशियों को भी राख के ढेर में बदल दिया।



### खुशियां मनाने गार्डन गए थे, घर बना राख

सोमवार की रात पूरा परिवार खुशियों से सराबोर था। जुझारपुर रोड स्थित एक गार्डन में बेटे रूपेश चिमानिया के फलदान का जश्न चल रहा था। मंगल गीत गाए जा रहे थे और घर की महिलाएं बारात की तैयारियों की चर्चा कर रही थीं। इसी बीच खबर आई कि उनके सूने घर में आग लग गई है। जब तक परिवार मौके पर पहुंचता, लपटें आसमान छू रही थीं। बताया जा रहा है कि घर में रखे आतिशबाजी के सामान ने संभवतः आग पकड़ ली, जिसने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया।

### तीन दमकलों ने काबू पाया

इटारसी और नर्मदापुरम से आईं फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक जगदीश चिमानिया का आशियाना खंडहर बन चुका था। जिस घर से दो दिन बाद गाजे-बाजे के साथ घोड़ी पर चढ़कर दूल्हे को निकलना था, वहां आज सिर्फ धुआं और सन्नाटा है।

### प्रशासन से परिवार ने लगाई आस की गुहार

शादी के ऐन वक्त पर आए इस संकट ने परिवार को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ दिया है। अब इस बेबस परिवार की नजरें प्रशासन और उदार समाज की ओर हैं, ताकि बेटे की शादी की रस्में पूरी हो सकें और इस दुख की घड़ी में उन्हें सहारा मिल सके।

### बारात की तैयारी थी, आग की भेंट चढ़ा सब

महज दो दिन बाद, 7 मई को रूपेश के सिर पर सेहरा सजना था और घर से धूमधाम के साथ बारात निकलनी थी। नई बहू के स्वागत के लिए जो जेवर, नए कपड़े, बर्तन और नकदी सहेजकर रखे गए थे, वे सब आग की भेंट चढ़ गए। करीब 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग की तपिश इतनी भयानक थी कि गृहस्थी का तिनका-तिनका जल गया। इस भयानक हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर रही है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## चामुंडा चौराहे पर युवक को घेरकर पीटा, सिर में आई चोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

शहर का सबसे व्यस्ततम इलाका चामुंडा चौराहा मंगलवार दोपहर उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब करीब आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक को घेरकर लाठी-डंडों और मुक्कों से इतनी बेरहमी से पीटा कि उसका एक हाथ फैक्चर हो गया और सिर में गहरी चोटें आई हैं। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई और आसपास की दुकानों के शटर गिर गए।

घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की है। घायल युवक सतीश अपने साथियों के साथ एक चाय की दुकान पर सिगरेट लेने पहुंचा था। तभी कार और बाइक से आए करीब आधा दर्जन बदमाशों ने उसे घेर लिया। देखते ही देखते बदमाशों ने लाठी-डंडों से सतीश पर हमला बोल दिया। लगभग 3 से 5 मिनट तक बदमाश सतीश को सरेराह पीटते रहे। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### सतीश और अंशुल भदौरिया के बीच विवाद

टीआइ गौरव बुंदेला के अनुसार, यह हमला पुरानी रंजिश का नतीजा है। सतीश और अंशुल भदौरिया के बीच पुराना विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में सतीश ने इनके साथ मारपीट की थी, जिसका बदला लेने के लिए आज भदौरिया और उसके साथियों ने सतीश को निशाना बनाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### निजी अस्पताल में संघर्ष कर रहा पीड़ित

घायल सतीश को तुरंत इटारसी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, सतीश के सिर में अंदरूनी और गहरी चोटें आई हैं, जिससे उसकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है।

## जनसुनवाई में पहुंचे 8 साल के कृष्णा को एक दिन में ही मिला आवासीय विद्यालय में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिला प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता का एक सराहनीय उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब जनसुनवाई के दौरान एक वृद्ध महिला जियावंती अपने 8 वर्षीय पोते कृष्णा धुर्वे के भविष्य को लेकर कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष पहुंचीं। पढ़ने-लिखने में असमर्थ वृद्ध महिला ने बिना लिखित आवेदन के ही अपने पोते की पढ़ाई और आवास की व्यवस्था हेतु मौखिक आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि बच्चे के पिता की भी मृत्यु हो चुकी है और वो ही उसकी देखभाल करती हैं। मामले की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग विवेक नागवंशी को निर्देशित किया कि बच्चे की शिक्षा एवं आवास की समुचित व्यवस्था उसी दिन सुनिश्चित की जाए, ताकि उसे बेहतर शिक्षा और अनुकूल वातावरण मिल सके। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में सहायक आयुक्त विवेक नागवंशी द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित कृष्णा धुर्वे को तत्काल आश्रम शाला, नर्मदापुरम में प्रवेश दिलाया गया। यहां बच्चे को शिक्षा के साथ-साथ आवास एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा बच्चे को स्कूल ड्रेस एवं स्कूल बैग भी प्रदान किया गया, जिससे उसकी पढ़ाई की सुगम शुरुआत हो सके।

## जनसुनवाई के दौरान सभाकक्ष में आयोजित हुआ सीपीआर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी लाने एवं घायलों को समय पर राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनसुनवाई के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दुर्घटना के बाद सहायता पहुंचने में लगने वाले समय के दौरान आमजन एवं अधिकारियों को प्राथमिक उपचार देने में सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा सीपीआर प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनसुनवाई में आए आवेदकों को सीपीआर देने की विधि विस्तारपूर्वक समझाई गई। साथ ही प्रतिभागियों को डमी के माध्यम से स्वयं अभ्यास कराकर प्रशिक्षण को व्यावहारिक रूप से भी सुदृढ़ किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीपीआर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह एक सरल लेकिन प्रभावी जीवन रक्षक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर सीपीआर देने से किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस प्रकार के प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग कर मानव जीवन की रक्षा में सहयोग करें।

## जनगणना 2027 के लिए मकान सूचीकरण का कार्य शुरू, अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारी धरातल पर शुरू हो गई है। इसी कड़ी में 1 मई से इटारसी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है।



### अधिकारियों ने किया दौरा

एसडीएम नीलेश शर्मा और तहसीलदार सुनीता साहनी ने चार्ज जनगणना अधिकारी के साथ ग्राम पथरोटा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण के कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ग्रामीणों से की चर्चा

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और तहसीलदार ने ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जनगणना के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि मकान सूचीकरण की प्रक्रिया योजनाबद्ध विकास के लिए कितनी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे घर आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी प्रदान कर सहयोग करें। इस शुरुआती चरण में क्षेत्र के सभी भवनों, मकानों की नंबरिंग और उनके उपयोग से संबंधित डेटा एकत्र किया जा रहा है। प्रशासनिक अमला पूरी मुस्तैदी के साथ इस कार्य को समय सीमा में पूरा करने के प्रयास में जुटा है।

### आईटीआई में 6 मई से आयोजित होंगे प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम।** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकारियों की क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से जिला प्रशासन, नर्मदापुरम द्वारा आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 06 मई एवं 07 मई 2026 को ई-दक्ष केंद्र, नर्मदापुरम में प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी , सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, अपील प्रक्रिया, राज्य एवं केंद्रीय सूचना आयोग की शक्तियों आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## बरगी हादसे को लेकर युवक कांग्रेस ने फूंका पर्यटन मंत्री का पुतला, पुलिस से हुई खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

बरगी बांध हादसे को लेकर मध्य प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। मंगलवार को इटारसी के ऐतिहासिक जयस्तंभ चौक पर युवक कांग्रेस ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हादसे के लिए सीधे तौर पर पर्यटन विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए मंत्री के इस्तीफे की मांग की और उनका पुतला दहन किया।

### बरगी हादसे पर बरसे कांग्रेसी

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युकां के गौरव चौधरी और नगर अध्यक्ष सौम्य दुबे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा कोई सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सामूहिक हत्या है। उन्होंने कहा कि



पर्यटन विभाग ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर क्रूज के अवैध संचालन की अनुमति दी, जिसकी कीमत निर्दोष लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। नेताओं ने मांग की कि मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद छोड़ देना चाहिए। पुतला दहन के दौरान जयस्तंभ चौक पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। पुलिस पहले से ही सतर्क थी और पानी के इंतजाम के साथ कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए मुस्तैद थी। लेकिन युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को छकाते हुए अचानक एक गली से जलता हुआ पुतला लेकर दौड़ लगा दी। जब तक पुलिस कुछ समझ पाती, कार्यकर्ताओं ने दौड़ते हुए ही पुतले को आग के हवाले कर दिया। जलता हुआ पुतला छीनने के दौरान पुलिस और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर खींचतान हुई। पुलिसकर्मी जलते पुतले पर पानी डालकर उसे बुझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन युकांई घेरा बनाकर पुतले को जलने से बचाते रहे।

### शनिवार और रविवार को हुई बारिश से खेतों में फसलों को नुकसान

## संकट की घड़ी में किसानों के बीच पहुंच गई 'सरकारी मशीनरी, बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का लेंगे जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मई की चिलचिलाती धूप के बीच अचानक बदले मौसम के मिजाज ने जिले में तबाही के निशान छोड़ दिए हैं। शनिवार और रविवार को हुई बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त किया, वहीं किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर दिया। लेकिन इस प्राकृतिक आपदा के बीच राहत की बात यह है कि जिला प्रशासन ने इसे इमरजेंसी मोड पर लेते हुए तत्काल कदम उठाए हैं।

### कलेक्टर के निर्देश: दफ्तर में नहीं, खेतों में दिखें टीमें

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आपदा की गंभीरता को देखते हुए सभी एसडीएम को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नुकसान का आकलन कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर होना चाहिए। इसी का नतीजा है कि आज जिले के प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व, कृषि



और उद्यानिकी विभाग की संयुक्त टीमें मुस्तैदी से सर्वे कार्य में जुटी हुई हैं।

### ग्राउंड रिपोर्टिंग : सोहागपुर के माछा और अजेरा में भारी क्षति

सर्वे टीमों ने जब सोहागपुर तहसील के ग्राम माछा और अजेरा का रुख किया, तो वहां तबाही के मंजर साफ नजर आए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ग्राम माछा में तेज आंधी और बारिश ने 12 मकानों को अपनी जद में ले लिया, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्राम अजेरा में भी 1 मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन अब खेतों की ओर मुड़ गया है, जहां ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत डेटा तैयार किया जा रहा है।

### राहत की उम्मीद : वास्तविक आकलन पर जोर

प्रशासन की इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी वास्तविक पीड़ित सरकारी मदद से वंचित न रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को दो-टूक कहा है कि सर्वे में सटीकता और पारदर्शिता बरती जाए ताकि प्रभावित परिवारों को नियमानुसार शीघ्र अति शीघ्र आर्थिक सहायता और राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। आमतौर पर आपदा के बाद सर्वे प्रक्रिया में समय लगता है, लेकिन नर्मदापुरम प्रशासन की इस क्विक रिस्पांस रणनीति ने ग्रामीणों और किसानों को एक भरोसा दिया है कि संकट के समय शासन उनके साथ खड़ा है

## हाईवे किनारे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बैतूल।** मिलानपुर जोड़ के पास मंगलवार को नेशनल हाईवे किनारे एक पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। शव की पहचान खंडवा निवासी रिंकू साबनेरे के रूप में हुई। उसकी जेब से मिली एक पर्ची के आधार पर यह शिनाख्त संभव हो पाई। पुलिस के अनुसार, हाईवे किनारे कृषि विज्ञान केंद्र की बाड़ के पास करीब 14 फीट ऊंचे पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ मिला था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। तलाशी के दौरान युवक की जेब से एक पर्ची मिली, जिसमें उसके भाइयों के मोबाइल नंबर दर्ज थे। इन्हीं नंबरों के माध्यम से पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर पहचान की पुष्टि की। जानकारी के मुताबिक, मृतक का ससुराल वरुड में है और वह पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। वह भिलट बाबा के दर्शन करने भी गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि रिंकू कुछ दिनों से परेशान दिख रहा था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जा रही है। वह मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। उसके पास से एक महिला और बच्चे की फोटो भी बरामद हुई है। इस मामले में परिजनों द्वारा अलग-अलग तरह की जानकारी दिए जाने की बात सामने आई है, जिसके चलते पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। बैतूल बाजार थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**बैतूल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई को प्रातः 10.30 बजे से न्यायालय परिसर बैतूल में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### शहर की 93 अनाधिकृत कालोनियों का विकास अटका

# अधिसूचना तक सीमित कालोनियों को वैध करने की प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अवैध कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया केवल अधिसूचना जारी करने तक सिमट कर रह गई है। अधिसूचना जारी होने के बाद कुछ कॉलोनाइजरों को नोटिस दिए गए, इसके बाद आज तक न तो किसी भी कॉलोनी का विकास शुल्क जमा हुआ और न ही वसूल करने की पहल हो सकी। परिणाम स्वरूप अवैध कॉलोनियों में प्लॉट लेने और मकान बनाने वाले लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। दरअसल वर्ष 2016 के पूर्व अस्तित्व में आई इन कॉलोनियों को वैधता और विकास देने के लिए शासन ने 16 फरवरी 2025 को अधिसूचना जारी की थी। करोड़ों रुपए की योजनाएं भी बनी, सर्वे हुए, नक्शे तैयार हुए, लेकिन जमीन पर विकास का एक भी बड़ा काम शुरू नहीं हो सका। इन कॉलोनियों में सडक़ बिजली, पानी और अन्य नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए 106 करोड़ 64 लाख 81 हजार रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। नियमानुसार यह राशि संबंधित कॉलोनाइजरों से वसूली जानी थी, लेकिन अधिकांश कॉलोनाइजर या तो शहर छोड़ चुके हैं, कई की मृत्यु हो चुकी है और कुछ के परिजनों ने भुगतान से हाथ खड़े कर दिए हैं। नतीजतन पूरी व्यवस्था प्रशासनिक असमंजस में फंस गई है।

### शहर में मिली थी 93 कॉलोनियां

प्रशासन और नगरपालिका द्वारा किए गए सर्वे में 31 दिसंबर 2016 के पहले अस्तित्व में आई 93 कॉलोनियां मिली थी। इस पर प्रशासन ने मध्यप्रदेश पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के तहत 16 फरवरी 2025 को अधिसूचना जारी की थी। इसके बाद कुछ को नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन इसके आगे बात नहीं बढ़ सकी। नतीजतन, इन कॉलोनियों को आज भी वैध नहीं किया जा सका है। इन कॉलोनियों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए अनुमानित राशि 106 करोड़ रुपये से अधिक की आंकी गई थी। यह राशि कॉलोनाइजरों और उनके न होने पर, कॉलोनियों के प्लॉट-मकान मालिकों से वसूल की जानी थी। लेकिन राशि वसूली को लेकर किसी ने भी गंभीरता नहीं दिखाई, जिससे इसके बाद कुछ भी नहीं हो सका।

### वसूली को लेकर शुरू नहीं हुई कार्रवाई

प्रशासन अब दो विकल्पों पर विचार कर रहा है पहला, कॉलोनियों में बची खाली जमीन की नीलामी कर राशि जुटाना और दूसरा, रहवासियों से प्रति वर्गमीटर के हिसाब से विकास शुल्क वसूलना, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन दोनों विकल्पों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई शुरू नहीं हुई। कुछ नोटिस जारी कर दिए गए, मगर वसूली और विकास की दिशा में कोई प्रभावी कदम सामने नहीं आया। यहीं वजह है कि इन कालोनियों में रहने वाले लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कई कॉलोनियों में आज भी कच्ची सडकें है, नालियां अधूरी है, गर्मियों में पानी संकट है और बरसात में कीचड़ से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई जगह बिजली व्यवस्था भी अस्थायी इंतजामों पर निर्भर है।

### किस क्षेत्र में कितनी अवैध कालोनियां

शहर में 93 अनाधिकृत कॉलोनियां है। इनमें अवैध कॉलोनियों में सबसे ज्यादा 34 कॉलोनियां टिकारी की है। इनके अलावा हमलापुर में 18, खंजनपुर में 15, बदनूरढाना में 14, गौठाना में 11 और खकरा जामठी में 1 अवैध कॉलोनी है। इनमें से पार्क के लिए महज 1 कॉलोनी में जगह है, वहीं 2 कॉलोनियां ऐसी हैं, जहां पर प्लॉट बेचने के बाद कोई जमीन ही नहीं बची है। अधिकांश में नाम के लिए जगह तो बची है, लेकिन इतनी नहीं कि उन्हें बेच कर राशि वसूल की जा सके या और कोई उपयोग किया जा सके। अनाधिकृत कॉलोनी होने के कारण कई खाली भूखंडों पर भवन निर्माण अनुमति भी नहीं मिल रही। यानी जिन लोगों ने जमीन खरीदी, वे न घर बना पा रहे और न ही उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिल रही है।

### कॉलोनियों में होना हैं विकास कार्य

आंकड़े बताते हैं कि 93 कॉलोनियों का कुल भू-क्षेत्र बेहद विशाल है। इतने बड़े भू-क्षेत्र और संसाधनों के बावजूद नागरिक सुविधाओं का अभाव कई गंभीर सवाल खड़े करता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जिन कॉलोनियों में पार्क और सार्वजनिक उपयोग की जमीन होनी चाहिए थी, वहां अधिकांश स्थानों पर जमीन बची ही नहीं। आरोप हैं कि पूर्व में कॉलोनाइजरों ने पार्क की भूमि तक बेच दी। नतीजा यह है कि बच्चों के खेलने, बुजुर्गों के बैठने और सामुदायिक गतिविधियों के लिए खुली जगह उपलब्ध नहीं है। इधर अवैध कालोनियों होने की वजह से यहां रहने वाले लोगों को बिजली, पानी, सडक़ जैसी बुनियादी सुविधाएं भी यहां मुहैया नहीं हो पाती। ऐसी कॉलोनियों में जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर इन कॉलोनियों का विकास करने की पहल की गई थी। इसके तहत बाकायदा सर्वे कराया गया था और यह आंकलन भी किया गया था कि इन कॉलोनियों में अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने कितनी राशि खर्च करना होगा। लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।

**जानकारी नहीं है**

मुझे अभी इस संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं है। जल्द ही पूरी जानकारी लेकर इस दिशा में कार्य किया जायेगा।

नवनीत पाण्डेय,
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### पूजा कर लौट रहे थे 35 लोग

# देर रात श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक की मौत, 25 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मोहदा थाना क्षेत्र में देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में 90 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। ट्रॉली में करीब 35 महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सवार थे। सभी लोग गुप्तवाड़ा में पूजा-अर्चना कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। घटना सोमवार रात करीब 8 बजे खेरा-कुनखेरी हनुमान मंदिर के पास हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज मोड़ पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 और मोहदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डायल 112 के पायलट गोविंद बिल्लोरे, प्रधान आरक्षक सचिन माहोरे और एसआई रामस्वरूप रघुवंशी ने घायलों को तत्काल भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कुछ घायलों को निजी वाहनों की मदद से भी अस्पताल ले जाया गया। रात 2 बजे तक 13 गंभीर घायलों को बैतूल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए



बैतूल जिला अस्पताल में घायलों के इलाज के लिए अतिरिक्त डॉक्टरों की व्यवस्था की गई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में भोडिलावा निवासी 90 वर्षीय बुकला की मौत हुई है। मृतक का पोस्टमार्टम भीमपुर में कराया गया। अन्य घायलों का इलाज भीमपुर में किया जा रहा है।

### हादसे में ये लोग हुए घायल

ट्रेक्टर- ट्रॉली पलटने की घटना में करीब 25 लोग घायल हुए है। घायलों में भोडिलावा निवासी कृष्णा (14), रामबाई (50), कोटमी निवासी बीसराम (50) और गोलाई निवासी ईश्वर (24) घायल हुए हैं। इनके अलावा फुलवती (3), जयश्री (30), कली (30), अर्जुन (25), उर्मिला (30), रेखा (30), शिवराम (40), तुलसीराम (28) और लोधी (60) को भी चोटें आई हैं। किसी को फ्रेक्चर तो किसी को अंदरूनी चोटें लगी हैं।

### युवाओं ने जलकुंभी हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**बैतूल।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत जिले की जीवनदायिनी माचना नदी को स्वच्छ और अविरल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में ग्रीन टाइगर संस्था के तरुण वैध के साथ शमशेर सिंह भोसले, नगर सोनाघाटी पारधी बस्ती के युवा एवं स्वस्ति सेवा समिति के सेवाभावी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। युवाओं ने नदी में उतरकर जलकुंभी निकालने का सराहनीय कार्य किया। इस प्रयास से न केवल नदी के प्रवाह को सुचारू बनाने में मदद मिली, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। अभियान में शामिल युवाओं का उत्साह और समर्पण देखने लायक रहा। प्रति रविवार पद्मश्री मोहन नागर, जल प्रहरी तरुण वैद्य एवं जन अभियान परिषद के नेतृत्व में यह नदी पुनर्जीवन अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

# दिहाड़ी मजदूरों को दिए पीएम आवास तोड़ने के नोटिस, कलेक्टर से गुहार



**बैतूल।** आमला तहसील के ग्राम हरन्या में 17 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास और निजी मकान तोडऩे के नोटिस मिले हैं। इन परिवारों ने नोटिस के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राहत की गुहार लगाई है। रहवासियों का आरोप है कि आमला तहसीलदार ने उनके मकानों को सरकारी भूमि पर निर्मित बताकर ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से आबादी भूमि पर निवास कर रहे हैं और इनमें से कई परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुए हैं। कुछ मकान पूरी तरह बन चुके हैं, जबकि कुछ का निर्माण अभी चल रहा है। इसके बावजूद पिछले लगभग दो महीनों से तहसील कार्यालय द्वारा लगातार नोटिस जारी कर मकान तोडऩे की तारीखें दी जा रही हैं। इन 17 परिवारों में बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग शामिल हैं, जिनमें विधवा महिलाएं और दिहाड़ी मजदूर भी हैं। कमला ने बताया कि सडक़ हादसे में पति-बेटे की मौत के बाद शासन से मिले मुआवजे और पीएम आवास की मदद से उसने घर बनाया था।

### नियमितीकरण के आदेश के बाद भी पूरी नहीं हुई प्रक्रिया

रहवासियों ने आरोप लगाया है कि जिस आबादी भूमि पर वे रहते हैं, वहां कुल 72 परिवार निवासरत हैं, लेकिन कार्रवाई केवल 17 परिवारों के खिलाफ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में इस भूमि के नियमितीकरण के लिए अपर कलेक्टर ने आदेश जारी किए थे, लेकिन तहसील स्तर पर प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रभावशाली लोगों पर झूठी शिकायत करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और आदिवासी विकास थाने में ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# पयोषणी वेलफेयर सोसायटी ने पीड़ितों को बांटी किराना सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

भीमपुर ब्लाक के बर्राढाना में शनिवार को हुई आगजनी की घटना में करीब दो दर्जन घर जलकर खाक हो गये। इस घटना के बाद पयोषणी वेलफेयर सोसायटी भैंसदेही द्वारा बर्राढाना पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों को किराना सामान सहित गृहस्थी का सामान वितरित किया। इसके साथ ही ढांढस बंधाया। पयोषणी सोसायटी ने शासन-प्रशासन से पीड़ितों की हर संभव मदद करने की मांग की है। बता दे कि शनिवार को बर्राढाना में आंधी-तूफान के दौरान आग लग गई थी। इस आगजनी की घटना में दो दर्जन घर जलकर खाक हो गये थे। आगजनी में पीड़ितों का सबकुछ जलकर खाक हो गया था। पीड़ितों के पास इतना भी राशन नहीं बचा था कि वह दो वक्त की रोटी पकाकर खा सके। ऐसे में सामाजिक संगठन पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रही है। पयोषणी वेलफेयर सोसायटी ने पीड़ितों का किराना सामग्री वितरित की। इस अवसर पर पयोषणी वेलफेयर सोसायटी के गुलाबराव सेलकरी, राहुल चढ़ोकार, प्रभाकर कुबड़े, कमलेश कावडकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आटा लोई में छिपे बम फटे, 3 गायों की मौत

### 11 गोवंश के मुंह-जबड़े फटे, जांच के बम स्क्वॉड की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शाहपुर में तालाब के पास गोवंश के मुंह धमाकों से फट गए। इससे 3 गायों की मौत हो गई। वहीं 11 गोवंश घायल हो गए। उनके मुंह और जबड़े बुरी तरह फट गए हैं। मामला शाहपुर के कोयलारी गांव (पंचायत कछार) में मंगलवार का है। यहां राकेश चौहान के खेत के पास बने एक छोटे तालाब पर गोवंश पानी पीने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां रखे आटे के गोले जैसे दिखने वाले एक संदिग्ध पदार्थ को खाते ही जोरदार धमाके हुए। जांच के लिए नर्मदापुरम से बम स्क्वाड पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विस्फोट इतना भयानक था कि कई गोवंश के मुंह पूरी तरह फट गए और उनके जबड़े तक अलग हो गए। सूचना



मिलने पर ग्रामीण, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आटे की लोई के आकार में विस्फोटक सामग्री रखी गई थी, जिसे खाने से यह हादसा हुआ। हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि गायों के जबड़े पूरी तरह उड़ गए हैं। वे जीवित तो हैं, लेकिन अब कुछ भी खा-पी पाने की स्थिति में नहीं हैं। घटनास्थल पर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, पटवारी और पशु चिकित्सकों की टीम मौजूद है। घायल गोवंश का इलाज जारी है।

### नर्मदापुरम से बम स्क्वॉड टीम बुलाई

भौंरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह देसी सुअर मार बम जैसा विस्फोटक प्रतीत हो रहा है। इसकी पुष्टि के लिए नर्मदापुरम से बम स्क्वॉड टीम बुलाई गई है, जो घटनास्थल पर जांच कर रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

# शीर्ष नेतृत्व की रणनीति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मिली ऐतिहासिक जीतः विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

भाजपा कार्यालय में मंडल स्तरीय कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों और मंडल की संरचनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा को मिली प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत शीर्ष नेतृत्व की कुशल रणनीति, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में मिली जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। यह सफलता अनेक कार्यकर्ताओं के त्याग, समर्पण और संघर्ष का प्रतिफल है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य संगठन को निरंतर मजबूत करना है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण भाव से करना चाहिए, तभी संगठन और अधिक सशक्त बन सकेगा। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार और मंडल स्तर पर संरचनात्मक मजबूती से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर तक आयोजित करने तथा संगठन की गतिविधियों में निरंतर सक्रिय बने रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सहसंयोजक तुलसीराम बारस्कर ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक चंद्रशेखर देशमुख, सहसंयोजक तुलसीराम बारस्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष एवं पार्षद जी.आर. बारस्कर, नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, निलेश चावरिया, नगर मंडल उपाध्यक्ष स्वाती भार्गव, मंडल मंत्री जया जैन, हरि पठाडे, अभिषेक खंडेलवाल, रामदास साहू, वरिष्ठ नेता राजेश पाठक, एल्डरमैन राजू चौबे, श्यामू, नंदकिशोर बरखाडे, भूषण चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मकान सूचीकरण एवं गणना कार्यों का किया जा रहा सतत निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर प्रशासन द्वारा फील्ड स्तर पर निगरानी तेज कर दी गई है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट के मार्गदर्शन में जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से आए जिला प्रभारी भरत लाल गौर द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण चार्ज अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी मकान या परिवार सर्वेक्षण से वंचित न रहे। साथ ही कार्य की गुणवत्ता एवं डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जहां कहीं कमियां पाई जा रही हैं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### फील्ड में प्रत्यक्ष निरीक्षण व सुधार की कार्रवाई

अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के कार्य का स्थल पर अवलोकन किया जा रहा है। इस दौरान कहीं डेटा एंट्री की जांच की जा रही है, तो कहीं घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का परीक्षण किया जा रहा है। मौके पर ही आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा रहे हैं, जिससे कार्य में त्रुटि एवं विलंब की संभावना न्यूनतम हो सके। निरीक्षण अब केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर कार्य की वास्तविक गुणवत्ता पर केंद्रित किया जा रहा है। प्रत्येक स्तर पर कार्य की समीक्षा कर आवश्यक सुधार कराए जा रहे हैं, जिससे जनगणना कार्य अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से संपन्न हो सके।

### जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाएः एसडीएम डॉ. सिंह

**बैतूल।** जनगणना कार्य को लेकर एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने संयुक्त बैठक ली। इस अवसर पर जनगणना चार्ज अधिकारी गोवर्धन पाठे तहसीलदार ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम डॉ. सिंह ने कहा कि जनगणना कार्य को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। सभी कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें और घर-घर जाकर सटीक व पूर्ण जानकारी एकत्रित करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत की जाए। साथ ही जनगणना के दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### सतपुडा ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त हुए 4 कर्मचारी



**सारनी।** अप्रैल माह में अद्र्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर अब्दुल लतीफ खान कार्यालय सहायक श्रेणी एक, दीपक वाघ, राजू ठाकरे , राजालाल द्विवेदी वरिष्ठ संयंत्र सहायक सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुष्प गुच्छ से सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भव्य स्वागत किया। मुख्य अभियन्ता एस के लिल्होरे, एस एन सिंह , हरिराम नरवरिया अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पीयूष गुप्ता मुख्य रसायनज्ञ, संजीव त्रिपाठी अधीक्षण मुख्यालय ने विभाग की ओर से शाल श्रीफल, मिष्ठान और फोटो भेंट किया।

# ताप्ती जन्मोत्सव 7 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम समर्थन में लिया गया प्रस्ताव



**मुलताई।** नगरपालिका परिषद मुलताई की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकास एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 7 जुलाई को ताप्ती जन्मोत्सव पारंपरिक उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए 12 लाख रुपये का बजट भी अनुमोदित किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर ताप्ती सरोवर एवं घाटों को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु व्यापक तैयारियां की जाएंगी। घाटों की पुताई कर उन्हें स्वच्छ एवं सुसज्जित बनाया जाएगा, वहीं सरोवर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा (लाइटिंग) की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में जगमगा उठेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें भव्य झांकियां निकाली जाएंगी, जो नगर की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाएंगी और नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। इसके अतिरिक्त, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने सरोवर क्षेत्र में हो रही मछली चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)**

क्रमांक/ज.प्र.शा./ ई./1748 बैतूल दिनांक 30/04/2026

**// ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना //**
**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य / सामग्री हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_504255_1 | DRILLING OF TUBE WELL AND INSTALATION OF SUBMERSSIBLE PUMP AT MOTI WARD BETUL | 1- 30 Days 2- 221944/- | 1- 2000/- 2- 2200/- | 18/05/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**नवनीत पांडेय, सीएमओ, नगर पालिका परिषद बैतूल**

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता व व्यापारी विजय शर्मा का निधन

**सोहागपुर।** सोहागपुर क्षेत्र के



मिलनसार व्यवसायी एवं कांग्रेस नेता विजय शर्मा का सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। स्वर्गीय विजय शर्मा के परिचितों एवं परिजनों से प्राप्त जानकारी अनुसार वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। एवं लगभग 58 वर्ष की आयु में उनका इंदौर में इलाज के दौरान देहावसान हो गया। पार्थिव देव मंगलवार सुबह सोहागपुर लाई गई। जिसके बाद पार्थिव देह की अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे निकाली गई, जो जमनी मुक्तिधाम पहुंची। जहां विजय शर्मा के पुत्र युवक कांग्रेस नेता कार्तिक शर्मा ने अपने दिवंगत पिता को मुखाग्नि दी। मिलनसार व्यापारी एवं कांग्रेस नेता विजय शर्मा के निधन पर समस्त क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 हजार राशि की दान

**नर्मदापुरम** ।जिले के समाजसेवी सुरिंदर सिंह अरोरा उर्फ बडडे भैया ने 2 मई को अपने जन्मदिन के उपलक्ष में जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 5100 रुपए की राशि दान की।

## सड़क हादसों पर सख्ती: सिवनी मालवा में रात में उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण

# एसडीएम की कार्रवाई, सड़कों पर खड़े वाहनों को केंद्र परिसर में कराया शिफ्ट

कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशन में सिवनी मालवा एसडीएम विजय राय द्वारा बीती रात क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण किया गया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

जिले में सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर प्रशासन अब सख्त नजर आ रहा है। कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशन में सिवनी मालवा एसडीएम विजय राय द्वारा बीती रात क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों और वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य रात के समय सड़कों पर खड़े वाहनों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकना रहा।

### सड़क पर खड़े वाहनों को किया व्यवस्थित

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मुख्य मार्गों पर खड़ी थीं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को व्यवस्थित कर उपार्जन केंद्र परिसर के अंदर खड़ा कराया गया, ताकि सड़क मार्ग बाधित न हो और यातायात सुरक्षित बना रहे।

### रेडियम पट्टियां अनिवार्य, एसडीएम ने खुद किया कार्य

कलेक्टर के निर्देशानुसार रात में सड़क किनारे खड़े वाहनों की पहचान स्पष्ट करने के लिए रेडियम पट्टियां लगाना अनिवार्य किया गया है। मौके पर एसडीएम विजय राय ने स्वयं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टियां चिपकाईं और किसानों व वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### प्रबंधकों को सख्त निर्देश

समिति प्रबंधकों और वेयरहाउस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में वाहन सड़क पर अस्त-व्यस्त खड़े न हों। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

### दुर्घटनाओं की रोकथाम में कारगर कदम

अक्सर देखा गया है कि रात के समय सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली अंधेरे में दिखाई नहीं देते, जिससे पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। रेडियम पट्टियां लगने से अब ये वाहन दूर से ही चमकेंगे, जिससे राहगीरों और चालकों को समय रहते सावधानी बरतने का मौका मिलेगा।

### अधिकारियों की रही मौजूदगी

इस दौरान एसडीएम विजय राय के साथ नगर पालिका सीएमओ अमर सिंह उईके एवं अन्य कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन की इस पहल को सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिससे सड़क हादसों में कमीं आएगी।

## कंडे के ढेर में छिपे सर्प के डंसने से महिला की मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बमारी में मंगलवार सुबह एक महिला को सर्प ने डंस लिया। महिला की सोहागपुर शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम की है।

सोहागपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार सूचनाकर्ता भगत सिंह पिता बैनीसिंह पुर्विया 35 वर्ष निवासी बमारी हैं। भगत सिंह ने पुलिस को इस आशय की सूचना है कि बड़े पापा बारेलाल का लड़का राजेश पुर्विया अपने परिवार के साथ बरवानी टोला में रहता है। जिनके द्वारा फोन पर बताया गया कि भाभी सियाबाई पति राजेश पुर्विया 48 वर्ष को मंगलवार सुबह घर में ढेर से कंडे निकालते समय सांप ने काट लिया है। इलाज के लिए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर लाए, जहां डॉक्टर ने सियाबाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग कायमी कर मामला जांच में लिया है। पंचनामा पीएम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### पुलिस ने की अपील

सोहागपुर पुलिस की जनता से अपील है कि सांप आदि जीव जंतु के काटने पर झाड़फूंक की अपेक्षा नजदीकी अस्पताल में तत्काल ले जाकर इलाज कराएं। घरों में लकड़ी या कंडे आदि रखने की जगह में सावधानी पूर्वक कार्य करें। इन दिनों ऐसी घटनाओं की संभावना अधिक होती है, अतः सावधानी में ही सुरक्षा है का मूलमंत्र ध्यान में रखकर सुरक्षित रहें।

### नागरिकों ने अलग-अलग स्थानों पर सकोरे लगाकर की पक्षियों के लिए दाने पानी की व्यवस्था

**नर्मदापुरम।** जल संवर्धन एवं जल संरक्षण की दिशा में संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में एक अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर शसोमेश मिश्रा के निर्देशन में भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु "नीर पखेरू अभियान" का संचालन किया जा रहा है। "एक सकोरा पानी, पक्षियों की जिंदगानी" थीम पर आधारित यह अभियान जिले में वृहद स्तर पर संचालित हो रहा है और अब जन-जन का आंदोलन बनता जा रहा है। अभियान के माध्यम से पक्षियों के संरक्षण एवं उन्हें गर्मी के इस कठिन समय में भोजन एवं पानी उपलब्ध कराने की भावना घर-घर तक पहुंच रही है।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सोहागपुर में मनाया विजय उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी तथा असम में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जीत के उपलक्ष्य में सोमवार शाम सोहागपुर क्षेत्र में विजय उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपाई उल्लासित नज़र आऐ। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर विजय जश्न मनाया।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि विजय उत्सव मनाते हुऐ पार्टी कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लिए हुए पूरे जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों, मुख्य बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र एवं विभिन्न वार्डों से होकर गुजरा। जगह-जगह नागरिकों, व्यापारियों व सामाजिक संगठन कार्यकर्ताओं ने भाजपाईयों पर पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं पार्टी के समर्थन में नारे गूंजते रहे। ढोल-नगाड़ों व बैंड-बाजों की धुन पर कार्यकर्ता झूमते नजर आए।



### विश्वास का प्रतीक

विजय उत्सव दौरान आयोजित सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक विजय देश की जनता के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वास का प्रतीक है। नेताओं ने कहा कि भाजपा की जीत विकास और सुशासन की नीतियों पर मुहर है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास, उनकी अपेक्षाओं और अथक परिश्रम का परिणाम है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी समर्पण और ऊर्जा के साथ पार्टी की योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें व संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## प.बंगाल में और असम में मिली जीत को लेकर भाजपाईयो ने मनाया जश्न, मिठाई बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139मे भाजपा से चौथी बार विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका परिषद में लगातार दुसरी बार नगरपालिका अध्यक्ष नगर एवं ग्रामीण मंडल में लगातार दुसरी बार मंडल अध्यक्ष तथा इसी तरह से लगातार पार्षद जनपद पंचायत में लगातार दुसरी बार भाजपा जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनने के बाद मध्य प्रदेश राज्य भारत सरकार में भाजपा सरकार होने पर विकास कार्य करवाए गए हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में लगातार 15 वर्ष से एक ही सरकार को मुंहकी खिलाते हुए। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में तथा असम राज्य में एतिहासिक जीत भाजपा की होने पर भाजपा



कार्यालय हूं मंगलवारा चौराहे तक विजय जुलूस निकाला गया। चोराहा पर आतिशबाजी करते हुए मीठाई का वितरण किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल जिला महामंत्री ममता नागवंशी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल उपाध्यक्ष संतोष परतें नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल उपाध्यक्ष सुलभ गोदानी सुजीत रघुवंशी विधानसभा क्षेत्र प्रभारी नवनीत नागपाल सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ युवा मोर्चा के पदाधिकारियों महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर जश्न मनाया गया।

### प्रवेश के लिए विद्यार्थियों से किया जा रहा संपर्क

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आगामी सत्र 2026- 27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ हो गई है, इसी तारतम में शासन के दिशा निर्देशों के तहत महाविद्यालय में स्टाफ द्वारा कॉलेज चलो अभियान के तहत समस्त हायर सेकेण्डरी स्कूलों में संपर्क कर 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय माखननगर प्रवेश हेतु संपर्क किया जा रहा है, साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अभी उन्होंने कहीं भी प्रवेश नहीं लिया है ऐसे विद्यार्थियों से भी संपर्क किया जा रहा है एंव सूची भी तैयार की जा रही है जिससे उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित किया जा सके।

## नपा कार्यालय में लंगूर की आमद से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मंगलवार को सिवनी मालवा स्थित नगर पालिका कार्यालय में उस समय अचानक हलचल मच गई, जब एक बंदर परिसर के अंदर घुस आया। बिना किसी झिझक के बंदर सीधे कार्यालय कक्ष में पहुंच गया और वहां टेबल पर रखी फाइलों एवं दस्तावेजों को उलट-पलट करने लगा।

घटना के शुरुआती क्षणों में कर्मचारियों और मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि कुछ ही देर में स्थिति सामान्य हो गई और कार्यालय में मौजूद लोगों के बीच इस अनोखी घटना को लेकर हल्की-फुल्की



हंसी-मजाक शुरू हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदर कुछ समय तक कार्यालय के भीतर 'निरीक्षण' करता रहा। इस दौरान लोगों ने मजाकिया अंदाज में टिप्पणी करते हुए कहा कि "लगता है आज खुद बजरंग बली जी फाइलों की जांच करने आए हैं।" वहीं कुछ कर्मचारियों ने यह भी कहा कि शायद लंबित कार्यों की समीक्षा चल रही है।

करीब कुछ मिनट तक कार्यालय में 'उपस्थिति' दर्ज कराने के बाद बंदर बिना किसी नुकसान के शांतिपूर्वक बाहर निकल गया। इस अनोखी घटना ने पूरे दिन नगर पालिका कार्यालय में चर्चा का विषय बने रहने के साथ-साथ कर्मचारियों के बीच मुस्कान का माहौल भी बनाए रखा।

### किसानों ने लगाया जाम देरी से तुलाई करने से और ट्रैक्टर-ट्रॉली खाली करने पर अड़े

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र सहित लगभग सेवा सहकारी समितियों के 14 खरीदी केंद्र पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। खरीदी देर से प्रारंभ होने से भीड़ उमड़ पड़ी है। एम एस पी से कम रेट पर खरीदी की जा रही है।सभी केंद्र पर तौल कांटे कम होने तथा मजदूर नहीं होने से काफी बिलंब हो रहा है। पहले से ही स्लाट बुकिंग नहीं होने से किसानों को परेशानी हो रही थी। कहीं सर्वर की समस्या बढ़ती जा रही है।तो कहीं मजदूर नहीं है।हर किसानों को फसल जल्दी बैंकर घर जाने की जल्दी है। लेकिन देखने में किसानों ने पिपरिया पचमढ़ी रोड पर अपने वाहन सहित अन्य सभी लोगों ने रोड जाम लगा दिया गया। जिसके कारण जनता परेशान हो रही थी।तरोनकला सेवा सहकारी समिति प्रबंधक राजेन्द्र श्रीवास्तव के2खरीदी केंद्र है।एक केंद्र तरोनकला पचमढ़ी रोड स्थित है एम जी वेयरहाउस में खरीदी की जा रही है।एक कमला वेयरहाउस में खरीदी की जा रही है। एम जी खरीदी केंद्र पर 2सहायक प्रबंधक बनाए गए हैं। इसलिए लोगों को परेशानी हो रही है। यहां पर सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं जो लोकल के है तो वह खरीदी खुद भी कर रहे हैं। दलालों भी कर रहे हैं। इधर बसूली भी कर रहे हैं।1ढेर को पास करने हेतु तुलाई करने के पर ढेर 1000से 2000की बसूला जा रहें हैं। ना पीने के पानी की बैठक की छांव की कोई व्यवस्था नहीं है।इन सभी समस्या से परेशान हो कर धरना प्रदर्शन किया गया। मौके पर तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी अधिकारियों ने पहुंचकर जाम हटवाया गया। तुलाई कराई गई। प्रबंधक राजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि जिन किसानों की बुकिंग 5 मई की थी उनके आगे 7 मई वाले लगें थे। मजदूर नहीं होने से परेशानी हो रही है।

## युवा कांग्रेस ने पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का फूंका पुतला, जबलपुर हादसे के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी स्थित जयस्तम चौक पर युवा कांग्रेस द्वारा जबलपुर के बरगी बांध पर घटित घटना के विरोध में पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेताओं द्वारा बताया गया कि जबलपुर के बरगी बाँध पर क्रूज के डूबने से अनेक लोगो की असमय मौत हो गयी जिसमे महिलाये एवं बच्चे भी शामिल है। यह दुर्घटना नहीं बल्कि विभाग की सुरक्षा मानकों के अनदेखी के कारण हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व



नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, प्रदेश महासचिव शम्मी जायसवाल, पूर्व विस अध्यक्ष गोल्डी बैस, सिवनी मालवा विस अध्यक्ष विकास राजपूत, प्रदेश महासचिव प्रतिक मालवीय, युवा कांग्रेस जिला महासचिव विशाल बड़कुर, देवी मालवीय, उत्सव दुबे, समीर परते, पंकज राजपूत, अमल सरकार, किसन ठाकुर, हुतेश दवान्दे, संजय चौहान, ओमी देवानी, निहाल ठाकुर, नितिन पटेल, दुर्गेश राजपूत, ब्रजेश कलोसिया आदि उपस्थित थे।

## गर्मी में प्यास बुझाने माखननगर में हुआ जल मंदिर का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर विकासखंड के सेक्टर 5 की नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सांगखेड़ा खुर्द द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल पर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। संस्था से नीरज चतुर्वेदी ने जल की अपव्यय को रोकते हुए जल की महत्ता के बारे में ग्राम वासियों को बताया तथा परामर्शदाता राकेश कीर द्वारा जल सवर्धन एवं जल संरक्षण के महत्व बताएं। संस्था से मोनू माझी द्वारा खेती में जल के जल के महत्व और सीमित जल से सिंचाई के उपाय बताएं। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से दिनेश राजपूत ने जल संरक्षण की शपथ एवं ग्रामवासियों का सफल आयोजन के लिए आभार वक्त किया। कार्य क्रम में गिरधारी लाल सिंह, करतार सिंह, बृजेश ठाकुर, अर्जुन सिंह, राहुल शुक्ला, इंदल,गोपाल मेहरा , सीता राम मालवीय, राजू तथा अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।

## कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हुए शामिल

# वर्षों पुरानी सड़क का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 09 में वर्षों से लंबित सड़क निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ । वार्ड पार्षद ईश्वरदास जमींदार के अथक प्रयासों से यह मांग आखिरकार पूरी हुई, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। भूमि पूजन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं वार्ड के परिवारजनों के द्वारा किया गया।



इस अवसर पर वार्ड पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि ₹वार्ड की यह सड़के पिछले कई वर्षों से कच्ची थी। बरसात में कीचड़ और गर्मी में धूल से रहवासी बेहद परेशान थे। वार्ड के परिवारजनों की इस मूलभूत समस्या को दूर करने के लिए हम लगातार प्रयासरत थे। नवरात्रि के समय नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, पार्षद ईश्वर दास जमीदार ने भी उक्त सड़क निर्माण की घोषणा की थी जिसका आज भूमि पूजन होने से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। बरसात के दिनों में वार्ड वासियों को निकलने में काफी परेशानी होती थी इसके साथ-साथ ही अरविंद गली,शाहिद पटेल कॉलोनी गली नंबर , चोर बावड़ी मार्ग, राधा गली, जो की पूरी तरीके से उखड़ गई थी उन सबको भी बनाया है आज सारला की बाड़ी ओर साई कैंपस गली नंबर एक की सड़के बनने के बाद वार्ड क्रमांक 09 अब पूर्ण रूप से कच्ची सड़कों से मुक्त हो जाएगा अब जहां भी निवासी निवास रहे है वहां कहीं पर भी कच्ची सड़के नहीं है। उन्होंने सड़क निर्माण की स्वीकृति के लिए नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन का विशेष धन्यवाद आभार व्यक्त किया है वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त किया है कि शहर के विकास कार्य एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए में सदैव तत्पर रहूंगा।

## आंचलखेड़ा हादसे के मृतकों के लिए घायलों को आर्थिक सहायता स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

आंचलखेड़ा क्षेत्र में ट्रॉली एवं कार के बीच हुई सड़क दुर्घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक श विजयपाल सिंह ठाकुर के विशेष प्रयासों से मृतकों एवं घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराई गई है।

विधायक श्री सिंह ने घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवारों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन एवं शासन स्तर पर लगातार संपर्क बनाए रखा और राहत राशि स्वीकृत कराने हेतु प्रभावी पहल की। उनके प्रयासों के परिणाम स्वरूप स्वेच्छानुदान मद से प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

मृतकों के परिजनों को प्रति हितग्राही 2,00,000, गंभीर घायलों को प्रति हितग्राही 1,00,000 अन्य घायलों को प्रति हितग्राही 50,000, इस दुर्घटना में 5 मृतकों एवं 7 घायलों को सहायता के दायरे में शामिल किया गया है। विधायक श्री सिंह ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में सारकार हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने प्रशासन से यह भी आग्रह किया है कि सहायता राशि का भुगतान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक-0062/अपील/2025-26**
**सोहागपुर दिनांक :- 05/05/2026**
**// इश्तेहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी आवेदक राजेश लोधी आ. स्व. सहाबलाल लोधी निवासी ग्राम माछा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम के द्वारा न्यायालय तहसीलदार तहसील सोहागपुर संशोधन पंजी कमांक 46 आदेश दिनांक 02.06.2016 मौजा माछा से क्षुब्ध एवं दुखी होकर म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44. म.प्र.भू.रा. संहिता सह धरा-5 म्याद अधिनियम म.प्र. भू.रा.संहिता के अधीन अपील प्रस्तुत की जाकर अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार किये जाने व विवादित आदेश दिनांक 08/01/2026 को न्यायहित में निरस्त किये जाने एवं अपीलार्थी का नाम उत्तरवादीगण के साथ दर्ज किए जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा अनावेदकगण 1. पार्वतीबाई पत्नि गुड्डन गूजर निवासी ग्राम राईखेडी, तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम 2. निर्मलाबाई पत्नि माखनसिंह लोधी निवासी ग्राम कुडाली, थाना बम्होरी, तहसील बरेली जिला रायसेन 3. उषाबाई पत्नि पप्पू उर्फ मुकदम लोधी निवासी टिमरनी तहसील टिमरनी जिला हरदा 4. रामबाई उर्फ रीना पत्नि नरेन्द्र उर्फ नन्दू लोधी निवासी नाला मौहल्ला इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम 5. यशोदाबाई पत्नि लखन लोधी निवासी छातेर पिपरिया, तहसील बरेली जिला रायसेन म.प्र. को सूचना पत्र जारी होने के संबंध में इश्तेहार का प्रकाशन किये जाने बाबत् तलवाना प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेशी दिनांक 13/05/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें, समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। आज दिनांक 05/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**उपखण्ड अधिकारी सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### युवक ने गटका जहर उपचार के दौरान मौत

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में सोमवार को एक 24 वर्षीय युवक ने जहरीली दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम योगेश पिता राजेश बताया गया है। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, योगेश मजदूरी करता था। सोमवार सुबह जब वह खेत पर काम करने नहीं गया, तो उसकी पत्नी ने उसे काम पर जाने को कहा। इस बात को लेकर वह नाराज हो गया और उसने सल्फॉस का सेवन कर लिया। काफी देर तक जब योगेश वापस नहीं आया, तो उसकी पत्नी उसे देखने खेत पर पहुंची। वहां वह बेसुध पड़ा मिला। परिजनों को सूचना देने के बाद उसे तत्काल हंडिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दोपहर करीब ढाई बजे योगेश की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मृतक की एक मासूम बेटी है और वह तीन भाइयों में दूसरा था।

### तीर्थदर्शन योजना के तहत वृद्धजन वैष्णो देवी की यात्रा करेंगे

**हरदा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक को जो कि 60 वर्ष से अधिक आयु के है तथा आयकर दाता नहीं है, उन्हें प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत शासकीय खर्चे पर कराई जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की ह्यवैष्णो देवीह्न तीर्थयात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। यह यात्रा 3 जुलाई को जिला हरदा से जायेगी। इस यात्रा में जिले के 196 यात्री, तीर्थ यात्रा पर जायेंगे, जिनमें हरदा तहसील के 48, हंडिया के 22, टिमरनी के 36, रहटगांव के 22, खिरकिया के 36 व सिराली तहसील के 32 यात्री शामिल होंगे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री 8 को हरदा आएंगे

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके 8 मई को हरदा आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्री उइके 8 मई को रात्रि 1:10 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 5:48 बजे हरदा आयेंगे। मंत्री श्री उइके प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ह्यदिशाह्न की बैठक में सम्मिलित होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे हरदा से बैतूल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 जून से 18 जून 2026 तक सीहोर जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को ₹वैष्णो देवी₹ की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट https://dharmasva.mp.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आवेदकों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से होगा।

## अन्नदाताओं को समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने में आ रही दिक्कतें

# स्लॉट बुक होने के बाद किसानों को दो तीन दिन करना होता है इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के खरीदी केंद्रों पर हम्मालों (तुलावटियों) की कमी के कारण किसान अपनी उपज बेचने के लिए 2-3 दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशों के बावजूद, मैदानी स्तर पर व्यवस्थाएं सुचारु नहीं दिख रही हैं। कई छोटे किसान किराए की ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर आए हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है।

रूपीपेरटिया सहकारी समिति केंद्र सहित जिले में ऐसे की केंद्र हैं जहां पर किसान को आसानी से गेंहु नहीं बेच पा रहे हैं। हम्माल नहीं होने के कारण की केंद्रों पर तुलाई नहीं हो पाई। जिसके कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी उपज से भरी ट्रॉलियों के साथ इंतजार कर रहे हैं। कुछ किसान प्रतिदिन 2,000 रुपए का ट्रैक्टर-ट्रॉली किराया दे रहे हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। जिले में कुल 40,900 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं, मनियाखेड़ी समिति के केंद्र पर हम्मालों की कुछ दिक्कतें होने के बावजूद ट्रॉलियों की तुलाई जारी थी। वेयरहाउस में बने खरीदी केंद्र पर किसान दीवार की छाया में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम सुल्तानपुर में बने खरीदी केंद्र पर उपज चोरी होने की शिकायतें सामने आई हैं, लेकिन यहां अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। किसानों के लिए पानी की व्यवस्था भी नदारद है। रूपीपेरटिया केंद्र के प्रभारी पूनमचंद बांके ने बताया कि हम्माल काम छोड़कर चले गए हैं। समिति प्रबंधक और वेयरहाउस के संचालक हम्मालों को लाने के लिए गए हैं, उनके आने के बाद ही तुलाई शुरू हो पाएगी। हम्मालों की कमी के चलते कुछ किसानों को अपनी उपज की तुलाई खुद करनी पड़ रही है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की कि वे उपार्जन के लिए बुक की गई निर्धारित तिथि पर ही अपनी उपज लेकर केंद्र पर आएं। तिथि से पहले आने से अनावश्यक भीड़ बढ़ सकती है और व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने सभी किसानों से सहयोग की अपेक्षा की है ताकि उपार्जन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सरल बनाया जा सके।

### 24 घंटे से ज्यादा का इंतजार



मगरधा रोड पर गोमती वेयर हाउस पर किसानों को 24 घंटे से ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि एक दिन पहले आने पर अगले दिन का टोकन मिलता है। जिसके बाद ट्रेक्टर ट्राली अंदर खड़ी करने के बाद तुलाई होती है। किसान अनुराग गुर्जर ने बताया कि यहाँ पर दिक्कत कुछ नहीं है। यहाँ पर जिन किसानों को टोकन नहीं मिलती उनकी ट्राली ट्रेक्टर सहित सड़क किनारे बाहर खड़ी रहती हैं।

#### इनका कहना

जिले में हम्माल मजदूरों की दिक्कत आ रही है। इस कारण किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ हद तक निराकरण हुआ है। जहां ज्यादा दिक्कत है वहाँ कोशिश करके समस्या दूर की जा रही है।

**वासुदेव भदौरिया**, एआरसीएस

## कांग्रेस नेत्री का हरदा दौरा

# संगठन मजबूती और बूथ स्तर तक सक्रियता पर जोर



**हरदा।** संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश सह-प्रभारी उषा नायडू ने जिले का दौरा कर समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक के बाद उषा नायडू ने टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। यहां आयोजित मंडलम बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखते हुए पंचायत स्तर पर समन्वय और बूथ स्तर के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी तैयारियों के मद्देनजर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात उन्होंने हरदा विधानसभा क्षेत्र के चारूवा में भी बैठक लेकर मंडलम एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान स्थानीय समस्याओं, संगठन की स्थिति और जमीनी चुनौतियों पर गहन चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठकों में जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रमुख रूप से जिला प्रभारी रचना जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, पूर्व नपा अध्यक्ष हेमंत टाले, हरदा विधानसभा प्रभारी अमित मिश्रा, टिमरनी विधानसभा प्रभारी इंद्रसेन देशमुख, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम पटेल और लक्ष्मीनारायण पवार, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, रविशंकर शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, सुप्रिया पटेल सहित विभिन्न ब्लॉकों और मोर्चों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा हरदा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास, हंडिया ब्लॉक अध्यक्ष महेश पटेल, सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र विश्नोई, टिमरनी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, रहटगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन पटेल, सिराली ब्लॉक अध्यक्ष नागू पटेल, सेवादल अध्यक्ष मुन्ना पटेल, नपा नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान, अहद खान और संजय जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिया मार्गदर्शन

# जल गंगा संवर्धन में ग्राम बूंदड़ा में पानी चौपाल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग हरदा द्वारा शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विकासखण्ड हरदा की ग्राम पंचायत नीलगढ़ दमामी के ग्राम बूंदड़ा में पानी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को विभागीय अधिकारी योगेश तिवारी, सुनिल इवने एवं शुभम मंसौरे द्वारा पानी बचाने हेतु सुक्ष्म सिंचाई पद्धति- ड्रिप/स्प्रिंकलर के बारे में तकनीकी मागदर्शन प्रदान किया। इस दौरान अधिकारियों ने बागवानी फसल में फल पौध रोपण लगाने हेतु शासन द्वारा दी जा रही सहायता (सब्सिडी) तथा विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच लीलाबाई कलम, उन्नतशील कृषक रूपसिंह मेहरा एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# शादी हॉल से 3 लाख के जेवर चुराने वाला चोर गिरफ्तार



**सीहोर।** थाना कोतवाली पुलिस ने राजा भोज गार्डन में शादी समारोह से 3 लाख रुपए के सोने के जेवर चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 24 अप्रैल को फरियादी मोहन वर्मा के बच्चों की शादी में भतीजियों के गहने रूम में रखे बैग से चोरी हो गए थे। कोतवाली पुलिस ने धारा 305(a) BNS के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आष्टा के बजरंग कॉलोनी निवासी बलराम वर्मा पिता प्रहलाद वर्मा, 25 साल को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल किया और चोरी के करीब 3 लाख के जेवर बरामद कराए।एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर एएसपी सुनीता रावत व सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव की टीम ने कार्रवाई की। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

## किया समाधान

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में सिराली निवासी रेवाबाई ने रहवासी पट्टा तथा आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार सिराली को आवेदिका की पात्रता का परीक्षण कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये। ग्राम डाव्या निवासी बबलू बारेला ने भगवान बिरसा मुण्डा योजना के तहत स्वरोजगार के लिये ऋण दिलाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हरदा की जोशी कॉलोनी के रहवासियों ने पेयजल व्यवस्था के लिये आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को रहवासियों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

# नदी के पुल से गिरी मोटरसाइकिल

**रेहटी।** रेहटी तहसील के ग्राम बोरी से भड़कुल के रास्ते पर नदी के पुल से एक मोटर साइकिल नदी में गिर गई। नदी में पानी नहीं था, इसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना एंबुलेंस को दी गई, लेकिन उससे पहले रेहटी थाना पुलिस के पास सूचना पहुंच गई और डायल 112 के पायलट बस कपिल रघुवंशी एवं ड्यूटी पर मौजूद आरक्षक मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को रेहटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। बताया जा रहा है कि ऐर सिंह भिलाला पत्नी मालू बाई निवासी खेड़ा अपनी रिश्तेदारी में कावड़ गए थे। वापसी में लौटते समय अंधेरा हो गया। इस दौरान वे भड़कुल के पास नदी पुल पर पहुंचे। यहां अंधेरा होने के कारण मोटर साइकिल नदी में गिर गई। स्थानीय लोगों ने सूचना 108 एम्बुलेंस की दी। हालांकि दोनों घायलों को 112 ने अस्पताल पहुंचाया। हॉस्पिटल में युवक की मौत हो गई। महिला घायल है, जिसका इलाज किया जा रहा है।

# प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला न्यायालय, हरदा में 9 मई को आयोजित होने वाली वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा अरविंद रघुवंशी ने मंगलवार को प्रचार वाहन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री रघुवंशी ने बताया कि 9 मई को जिला मुख्यालय हरदा सहित सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रघुवंशी ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण यथा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, बैंक व वसूली से संबंधित प्रकरण, समझौता आपराधिक प्रकरण, चौक बाउंस से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम, प्ली-बारगेनिंग, कंपाउडेबल ट्रेफिक चालान, दीवानी प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराये व लोक अदालत का लाभ उठायें।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध 12 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने सोमवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के खेड़ीपुरा, बैरागढ़, राजपूत ढाबा, जंक्शन ढाबा, पंडित जी रेस्टोरेन्ट, बाबा दा ढाबा, मारवाढ़ी ढाबा (खोजा चाय), ग्राम बालागांव, मगरधा, रहटगांव, जय भवानी ढाबा दुलिया, ग्राम कुड़ावा, विक्रमपुर व ठाकुर ढाबा सिराली में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 33 पाव देशी प्लेन शराब, 16 केन बियर, 4 बोतल बियर, 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 540 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 12 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 61788 रूपये है।

# युवक ने जहरीली दवा पीकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** शहर की वृंदावन कॉलोनी में सोमवार शाम एक 28 वर्षीय युवक ने बाथरूम में जहरीली दवा पीकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की पांच महीने की एक बेटी है। मृतक के भाई ने एक ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक पर प्रताड़ित करने और धमकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी निवासी अंतरसिंह राजपूत (28) ने सोमवार शाम करीब 7 बजे अपने घर के बाथरूम में जहरीली दवा का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर कर दिया था। परिजन अंतरसिंह को भोपाल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में इछावर के पास ही उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए वापस हरदा जिला अस्पताल लाया गया। मूल रूप से खिरकिया तहसील के ग्राम लोनी का रहने वाला अंतरसिंह बाइक सुधारने का काम करता था और पत्नी व 5 महीने की बेटी के साथ हरदा में रहता था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी शादी दो साल पहले ही हुई थी। मृतक के बड़े भाई लवकुश राजपूत ने आरोप लगाया है कि अंतरसिंह का किसी ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक के साथ पैसों का लेन-देन था। लवकुश के अनुसार, दुकान संचालक ने विवाद के चलते अंतरसिंह की बाइक रख ली थी और वह उसे लगातार डरा-धमका रहा था। परिजनों ने आशंका जताई है कि इसी प्रताड़ना और डर के चलते अंतरसिंह ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## अटल चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां, बांटी मिठाई

# चार दशक बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मिली पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीतः राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई चौराहे पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के झंडे लहराकर पश्चिम बंगाल विजयश्री की खुशियां मनाई।

कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में सड़क पर ढोल बाजे के साथ जोरदार आतिशबाजी की और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ नागरिकों को मिष्ठान का वितरण किया। उत्साही कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सांसद आलोक शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओ और लाखों कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से चार दशक बाद पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत मिली है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित देश भर में अवैधानिक रूप से रह रहे घुसपैठियों को अब और सख्ती के साथ देश से बाहर निकाला जाएगा। अब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी सुशासन देते हुए जनता की सेवा करेगी।कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को दो दशक बाद पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, मंडल एक अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, मंडल दो अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील राय, पप्पू आकाश वर्मा,पार्षद मुकेश मेवाडा, पप्पू यादव, कमलेश कुशवाहा, निर्मल पवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरदा में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू, युवाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग, भोपाल के निर्देशन में जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर ह्लआरोह 2026ह्व का शुभारंभ हो गया है। यह शिविर 1 मई से प्रारंभ होकर प्रतिदिन सुबह और शाम के सत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

शिविर का औपचारिक उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी और नगर मंडल अध्यक्ष नीतेश बादर ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। शिविर के तहत जिला स्तर पर फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, हॉकी और शतरंज के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। वहीं खिरकिया ब्लॉक में कबड्डी, खो-खो और कराते तथा टिमरनी ब्लॉक में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और कबड्डी का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए आवश्यक खेल सामग्री भी वितरित की गई है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथियों ने वॉलीबॉल व नेट, हैंडबॉल व नेट, बैडमिंटन रैकेट, टेबल टेनिस बैट व बॉल, फुटबॉल, खो-खो पोल सहित सामग्री दी। इसमें खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट, भाजपा महामंत्री पुरुषोत्तम झिंझोरे, शासकीय महाविद्यालय खेल अधिकारी राहुल सराठे, पिट्टू संघ अध्यक्ष गिरिजा शंकर राजपूत, सुनील वर्मा, वॉलीबॉल कोच अनंत यादव, फुटबॉल कोच इमरान खान, अजय पुरवइया, खो-खो संघ सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर, हॉकी कोच संदीप सौदे, गौतम विश्वकर्मा, नवनीत शुक्ला और आशु मालाकार सहित अन्य उपस्थित रहे।